विराट वैभव
नई दिल्ली, सोमवार, 09 मार्च 2020

नोएडा में महिलाओं के लिए दो स्पेशल पिंक मेट्रो स्टेशनों की शुरुआत



वैभव न्यूज ■ नोएडा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने महिलाओं को सौगात दिया है। एनएमआरसी ने रविवार को नोएडा के दो मेट्रो स्टेशन सेक्टर 76 मेट्रो स्टेशन व परी चौक मेट्रो स्टेशन का पिंक मेट्रो स्टेशन के रूप में उद्घाटन किया है। एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने बताया कि एक्वा लाइन के सेक्टर 76 और परी चौक मेट्रो स्टेशन अब महिलाओं के लिए एक पसंदीदा स्थान बन जाएंगे। इसमें विशेष रूप से एक्वा लाइन की महिला यात्रियों के लिए कई अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध है जैसे कि बेबी फीडिंग रूम, बेबी डायपर चेंजिंग रूम, मेक अप, चेंजिंग रूम और सेल्फी प्वाइंट।माहेश्वरी ने बताया कि इस से महिला यात्रियों के लिए आवागमन तो आसान होगा ही साथ ही उन्हें उनके बच्चे की देखभाल की जिम्मेदारियों के अलावा उनकी दैनिक व्यावसायिक, व्यक्तिगत गतिविधियों का प्रबंधन करने के लिए भी सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि ये सभी सुविधाएं सभी महिला यात्रियों के लिए पूरी तरह से मुफ्त में उपलब्ध हैं।